निर्धारित की हुई है और क्या इस सम्बन्ध में कोई नियम-प्रक्रिया अपनाई जाती है ;

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ;

(ग) ऐसे कर्मचारियों की संख्या कितनी है जो संसद भवन स्थित रेलवे के खानपान विभाग में निर्धारित समय पर सीमा के बाद भी अभी तक वहीं कार्यरत हैं ;

(घ) क्या सरकार इन उपर्युक्त कर्मचारियों को स्थानान्तरित करने का विचार रखती है ; और

(ङ) यदि हां, तो कब और यदि नहीं तो उसके क्या कारण हैं ?

रेल मंत्री (श्री सी० के० जाफर शरीफ) : (क) और (ख) संवेदनशील पदों पर तैनात रेल कर्मचारियों को प्रत्येक 4 वर्ष में स्थानान्तरित किया जाता है । खानपान विभाग में आवधिक स्थानान्तरण की इस योजना के अन्तर्गत केवल खानपान ठेकों से संबंधित काम करने वाले कर्मचारी ही आते हैं ।

(ग) कोई नहीं ।

(घ) और (ङ) प्रश्न नहीं उठता ।

"पैलेस-आन व्हील्स" ट्रेन के बंद किए जाने का प्रस्ताव

4829. **श्री सत्य प्रकाश मालवीय :**
श्री दिग्विजय सिंह :

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) क्या यह सच है कि सरकार विदेशी आकर्षण के केन्द्र बिन्दु "पैलेस-आन-व्हील्स" ट्रेन को बन्द कर देने का विचार रखती है ;

(ख) यदि हां, तो उसका क्या कारण है और क्या इस ट्रेन को बन्द किया जा चुका है ;

(ग) यदि हां, तो कब से और अब तक कुल कितनी विदेशी मुद्रा का नुकसान हुआ है ?

(घ) क्या सरकार इस पर्यटन ट्रेन को फिर से चलाने का विचार रखती है ;

(ङ) यदि हां, तो कब तक इस ट्रेन को किस क्षेत्र में चलाए जाने का प्रस्ताव है; और

(च) यदि नहीं, तो उसके क्या कारण है और यदि इसी ट्रेन को बन्द कर दिया गया तो इस शाही रेल गाड़ी की क्या उपयोगिता रह जाएगी ?

रेल मंत्री (श्री सी० के० जाफर शरीफ): (क) जी नहीं ।

(ख) से (च) प्रश्न नहीं उठता ।

रेलवे के विकास के लिए कार्य योजना

4830. **श्री वीरेन जे० शाह :** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि सरकार ने देश में रेलवे के विकास के लिए एक कार्य योजना तैयार करने हेतु कोई दिशा-निर्देश जारी किए हैं ;

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ;

(ग) क्या सरकार उनमें एक दिशा-निर्देश और शामिल करने का विचार रखती है कि रेलगाड़ियों के मार्गों को किफायती बनाने के उद्देश्य से गर-किफायती मार्गों का और विस्तार किया जाएगा;

(घ) यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं; और

(ङ) कार्य योजना के प्रारूप को कब तक अन्तिम रूप दिया जाएगा ?